हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 6 अगस्त 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 एसजीजीयू ने शासन को भेजा 24 विषयों का प्रस्ताव



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### विद्यालयों में पालक-शिक्षक मेगा बैठक आज

**बलरामपुर।** राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में 2289 स्कूलों में 6 अगस्त को प्रातः 10 बजे से पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया जाएगा। बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी पालकों में उनके बच्चों एवं विद्यालय के संपूर्ण गतिविधियों के संबंध में जागरूकता लाना है, ताकि पालक एवं शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव रखी जा सकें। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौध रोपण भी किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा अभिभावकों से आह्वान किया गया है कि पालक-शिक्षक बैठक में उपस्थित होकर अपने बच्चों के पढ़ाई संबंधित जानकारी लें। जिससे शिक्षकों और पालकों के समन्वय से छात्र-छात्राएं उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हों। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा पालक-शिक्षक मेगा बैठक के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक विद्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

### घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** आजादी के अमृत महोत्सव पर घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की वर्चुअल बैठक 6 अगस्त को दोपहर 12 बजे होगी। बैठक में भाजपा संभाग प्रभारी राजा पांडेय एवं जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिला कोर कमेटी के सदस्य, अभियान के जिला संयोजक एवं सदस्य, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी उपस्थित रहेंगे। बैठक का उद्देश्य जिले भर में अभियान को संगठित और प्रभावशील तरीके से क्रियान्वित करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने बताया कि यह अभियान केवल ध्वज वंदन का नहीं, बल्कि आजादी के मूल्यों, बलिदान और भारतीयता के गौरव को जन-जन में जागृत करने का एक प्रयास है।

### म्यूल अकाउंट से ठगी करने मामले आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** म्यूल अकाउंट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से ठगी की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार म्यूल अकाउंट को लेकर कार्रवाई के दौरान एसबीआई के खाताधारक वार्ड क्रमांक 13 निवासी 28 वर्षीय रोहित शर्मा आ. स्व. लालबाबू शर्मा ने ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से राजस्थान के साजिद खान से 10 हजार 650 रुपए की ठगी की। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी रोहित शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, बैंक पासबुक को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अघरिया भवन में सावन तीज महोत्सव की रंगारंग धूम

**रायगढ़।** अखिल भारतीय अघरिया समाज महिला मंच रायगढ़ द्वारा 2 अगस्त को अघरिया भवन में सावन तीज महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। हरियाली और उत्साह से भरे माहौल में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा और लोक संस्कृति के रंग बिखेरे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती तारेश्वरी नायक सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना से हुआ।

## समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरे लोग

# गड्ढों में गाड़ी चलाने का प्रशिक्षण देकर किया गया अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कांग्रेस ने किया चक्का जाम

रायगढ़ रोड, रामानुजगंज रोड एवं निगम की जर्जर हो चुकी सड़कों के खिलाफ कांग्रेस ने चक्काजाम कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिकारियों ने शनिवार तक जर्जर सड़कों के वैकल्पिक सुधार का आश्वासन दिया। गड्ढे में गाड़ी चलाने का प्रशिक्षण के स्लोगन के साथ यूथ इंटक ने शहर की जर्जर सड़कों को लेकर चक्काजाम किया। इस दौरान कांग्रेस ने प्रशासन व विभाग को ज्ञापन सौंपकर समय पर मरम्मत का कार्य नहीं होने की स्थिति में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

बता दें कि वर्तमान में शहर के अंदर मौजूद नगर निगम, एनएच, लोनिवि के अधीन जितनी भी सड़कें है सभी की हालत खस्ता है। बारिश से पहले जर्जर हो चुकी सड़कों के मरम्मत को लेकर ध्यान नहीं दिया गया और यही वजह है बारिश शुरू होते ही शहर के सड़कों की हालत खराब हो गई। सड़कों पर पानी निकासी नहीं होने के कारण जल जमाव की स्थिति बनी रहती है और भारी वाहनों के आवगमन के कारण जर्जर सड़क पर बने गड्ढे बड़े हो गए है। सड़कों पर बने बड़े बड़े गड्ढों के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन लोग गड्ढों के कारण दुर्घटना के शिकार हो रहे है। जर्जर सड़क से लोगों में आक्रोश का माहौल है। यही वजह है कि मंगलवार को कांग्रेस ने शहर के एनएच 43 स्थित की सड़क भारत माता चौक के समीप विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि घोषणा के बाद भी अब तक 20 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध नहीं कराई गई। राजमार्गों में भी 3 वर्षों से मरम्मत के लिए फंड जारी नहीं किए गए है। निगम प्रशासन बरसात में गड्ढों को भरने के लिए मलबा डाल रही है जो बारिश आते ही बह जाता है। यूथ इंटक ने करीब सप्ताह भर पहले प्रशासन को ज्ञापन सौंप जर्जर मार्गो को सुधारने की मांग की थी। ऐसा नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी दी गई थी। प्रशासन की उदासीनता को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी और यूथ इंटक ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि भारी भरकम टैक्स वसूल करने के बाद लोगों को खराब सड़कों पर चलने के लिए विवश किया जा रहा है। पूर्व सभापति ननि अजय अग्रवाल ने कहा कि शहर से गुजरने वाली अधिकांश सड़कें राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की हैं। शहर से 10-10 किलोमीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग नई सड़कों को बनवा रहा है लेकिन विगत 3 वर्षों से उसके पास शहर से गुजरने वाले एनएच की सड़कों के रखरखाव के लिए बजट नहीं होने का बहाना कर रहा है। इस दौरान हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, दुर्गेश गुप्ता, लोकेश कुमार,वेद प्रकाश शर्मा, कलीम अंसारी, अनिल सिंह कर्नल, जीवन यादव, अमित तिवारी राजा, आशीष जायसवाल, हिमांशु जायसवाल, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, निकी खान, नीतीश चौरसिया, आलोक सिंह, सतीश बारी, आतिश शुक्ला, निखिल विश्वकर्मा, शुभम जायसवाल, मो अख्तर चम्मा, संजय सिंह, सरफराज अंसारी, इरफान खान, प्रिंस राजवाड़े आदि मौजूद थे।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

### मुखौटों का उपयोग कर अनोखा प्रदर्शन

गड्ढे में गाड़ी चलाने के स्लोगन के साथ हुए इस प्रदर्शन का दायित्व प्रदेश कांग्रेस के सचिव शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में यूथ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष आशीष शील को दिया गया था। चक्काजाम के सांकेतिक संदेश को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं मुखौटे लगा जर्जर सड़क पर मोटरसाइकिल को हाथ से धकेल यह संदेश देने का प्रयास किया कि ट्रिपल इंजन की सरकार में अपेक्षा न करें और जर्जर सड़क पर ऐसे ही गाड़ी चलाने का अभ्यास कर लें। शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रायगढ़ रोड सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों को आपस में जोड़ता है। इन तीनो विधानसभा के निर्वाचित भाजपा विधायकों ने इस जर्जर मार्ग में आम आदमी को अधर में छोड़ अपने रास्ते बदल लिए हैं। अम्बिकापुर विधायक पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि शहर में सड़कों की दुर्दशा पर अपनी जवाब देहि से बचने के लिए उन्होंने अम्बिकापुर का रुख करना ही छोड़ दिया है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि 1 सप्ताह में सड़कों को नहीं सुधारा गया तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी।

### शनिवार तक मरम्मत का कार्य कराने का आश्वासन

वर्तमान में शहर के शहर के मुख्य मार्गों के साथ ही चारों दिशाओं से प्रवेश करने वाली शहर की एनएच की सड़कें बेहद जर्जर हालत में है। सड़कों की दुर्दशा के कारण लोगों में नाराजगी है। इधर एनएच के ईई रामाधार तामरे ने बताया कि सड़क मरम्मत का कार्य लगातार जारी है लेकिन भारी बारिश के कारण मटेरियल बह जाता है। मरम्मत का कार्य जारी है। विभाग के पास बजट की कमी है लेकिन इसके बाद भी अपने स्तर पर कार्य कराया जा रहा है। आने वाले समय ने नया प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद सडक पर किए गये अतिक्रमण को हटाने के साथ ही लेबलिंग का काम किया जाएगा जिससे एनएच पर जलजमाव की स्थिति ना बने।

### चक्का जाम से परेशान रहे लोग

मंगलवार को कांग्रेस के चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन के कारण एनएच 43 पर आवागमन बाधित हो गया। लगभग पौन घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लगी रही। इस दौरान जाम में फंसे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों व पुलिस ने समझाईस व आश्वासन के बाद चक्का जाम समाप्त कराया।


नक्कड़ नाटक करती छात्राएं।

# विश्व स्तनपान दिवस पर प्रसूता व गर्भवती माताओं को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्तनपान के प्रति किया गया जागरूक

विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल में प्रसूता महिलाओं को नवजात बच्चों को स्तनपान कराने के फायदों की जानकारी दी गई।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंध चिकित्सालय अम्बिकापुर में विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के बीएससी नर्सिंग एवं एमएससी नर्सिंग के छात्राओं द्वारा चिकित्सालय के एमसीएच भवन के ओपीडी हॉल में प्रसूति रोग एवं शिशु रोग विभाग के समन्वय एवं सहयोग से नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर महिलाओं एवं परिजन को बच्चों को स्तनपान कराने एवं स्तनपान के फायदे बताए गए जिससे उनके बच्चे का स्वास्थ्य एवं रोगप्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके। हर साल अगस्त के पहले सप्ताह में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है. इस सप्ताह, स्वास्थ्य, विकास और समानता की नींव के रूप में स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला जाता है। स्तनपान केवल बच्चों का पोषण नहीं, बल्कि समाज का एक दीर्घकालिक स्वास्थ्य में निवेश है। स्तनपान न केवल बच्चों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक उज्ज्वल भविष्य भी प्रदान करता है और देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर मां को स्तनपान से संबंधित उचित जानकारी, स्तनपान के तरीके, फायदे सहित अन्य जानकारी साझा करना थाजो स्तनपान को प्रोत्साहित करे और मां को सशक्त बनाए। इस दौरान प्रसूति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाशी कुजूर, अन्य चिकित्सक, नर्सिंग महाविद्यालय के शिक्षक श्रीमती लता देवांगन, श्रीमती सपना पॉल, श्रीमती विमला ठाकुर, श्रीमती नीरजा सहित अन्य उपस्थित थे।



# अब कमिश्नर का दरवाजा खटखटाएंगे वार्डवासी

**अम्बिकापुर।** गोधनपुर फुण्डुरडिहारी की जमीनों पर लगे स्टे को हटाने हेतु रणनीति तय करने लगातार बैठके हो रही है। बड़ी संख्या में वार्ड वासी पुनः बैठक का आयोजन कर आगे की लड़ाई लड़ने रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। गोधनपुर एवं फुण्डुरडिहारी की जमीनों पर जिला प्रशासन ने एक शिकायत के आधार पर स्टे लगा दिया था। 11 वर्ष पूर्व लगे स्टे की वजह से गोधनपुर व फुण्डुरडिहारी के तकरीबन दो हजार से भी ज्यादा परिवार प्रभावित हुए है। स्टे की वहज से लोगों की जमीन की ना तो खरीदी-बिक्री हो पा रही है और ना ही किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य हो पा रहा है। ऐसे में परेशान क्षेत्र के लोगों ने अब जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। कुछ ही दिनों पूर्व वार्ड के लोगों का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर सरगुजा को जनदर्शन में आवेदन देकर क्षेत्र में लगे स्टे को हटाने की मांग की थी जिस पर कलेक्टर ने उन्हें कमिश्नर से अपनी मांग रखने को कहा था। अज पुनः इसकी मांग के परिक्षेक्ष्य में गोधनपुर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में पार्षद शिवमंगल सिंह, अनिल सिंह, अजय जायसवाल, राजमणि तिवारी के नेतृत्व में एक बड़े बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कलेक्टर सरगुजा को दिए आवेदन के निराकरण संबंधी दस्तावेज की प्रतिलिपी जितनी जल्दी हो सके निकालकर आगे कमिश्नर महोदय के यहां आवेदन दिया जायेगा। जब तक प्रकरण तैयार नहीं होता तब तक हर मंगलवार को बैठक कर एकजुटता और सदस्यों को जागृत कर इस लड़ाई में जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

# गांव तक नहीं पहुंची एम्बुलेंस, प्रसूता ने रास्ते में दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/वाड्रफनगर

सोनहत के पंडो पारा में रहने वाली एक महिला को समय पर एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाई और उसे पैदल चलना पड़ा। पैदल अस्पताल जाते समय रास्ते में ही खुले आसमान के नीचे महिला का प्रसव हो गया। प्रसव के बाद महिला प्रसूता नवजात बच्चे को गोद में लेकर नदी पार करते हुए रघुनाघनगर पहुंची। फिलहाल महिला को वाड्रफनगर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां जच्चा बच्चा की हालत सामान्य बताई जा रही है लेकिन चिकित्सकों ने अपनी ओर से बच्चे को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम पंडो पारा में रहने वाली प्रसूता 28 वर्षीया मानकुंवर पंडो गर्भवती थी। महिला को प्रसव पीड़ा होने पर पीटीआई केश्वर पंडो और परिजन ने महतारी 102 एंबुलेंस को फोन किया लेकिन बारिश के कारण आवागमन बंद होने से एंबुलेंस ने गांव तक जाने से मना कर दिया। ऐसे में परिजन खुद ही पैदल प्रसूता को लेकर रघुनाथनगर सीएचसी के लिए निकल गए। रास्ते में महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ गई जिसके बाद महिला के साथ मौजूद दो अन्य महिलाओं के सहयोग से खुले आसमान के नीचे महिला ने बच्चे को जन्म दिया।

### नवजात गोद में लेकर किया नदी पार

सबसे बड़ी बात यह है कि प्रसव के बाद जैसे ही महिला की हालत सामान्य हुई फिर से सभी अस्पताल के लिए रवाना हुए। इस दौरान महिला खुद अपने नवजात को गोद में पकड़े हुए थे। प्रसूता और परिजन ने नवजात बच्चे के साथ रघुनाथनगर से पहले पड़ने वाली पहाड़ी नदी को पार किया। यह नदी काफी खतरनाक है और बारिश के अक्सर नदी में अचानक ही जल स्तर बढ़ जाता है जिससे खतरा बढ़ जाता है नदी के बहाव का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पूर्व में बनाया गया रपटा बह गया था। इस मार्ग पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है लेकिन अब तक पुल निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं हुई और आज भी क्षेत्र के लोग पहुंचविहीनता का दंश झेल रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि सोनहत पंचायत तक पक्की सड़क बनी है। सोनहत से पंडो बस्ती करीब 4 किलोमीटर दूर है। यहां नालों में पुलिया नहीं बनी है। जिस कारण बारिश में एम्बुलेंस या महतारी एक्सप्रेस नहीं पहुंच पाती है।


नवजात के साथ नदी पार करती प्रसूता, इनसेट में नवजात।

### सिविल हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती

प्रसव के बाद महिला व नवजात को लेकर परिजन नदी पार करने के बाद बाइक से रघुनाथनगर सीएचसी पहुंचे जहां प्रारंभिक जांच के बाद प्रसूता और नवजात को सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया। फिलहाल दोनों की हालत सामान्य है लेकिन बच्चे का वजन कम होने के कारण बीएमओ डॉ. हेमंत दीक्षित ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है। इस मामले में सबसे बड़ी बात तो यह है कि आमतौर पर विशेष संरक्षित जनजाति और पहुँचविहीन क्षेत्र की प्रसूताओं को डिलीवरी डेट से पहले समय रहते अस्पताल में भर्ती करा दिया जाता है लेकिन क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही और निगरानी की कमी के कारण इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई। यदि समय रहते महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया होता तो उसे खुले आसमान के नीचे बच्चे को जन्म देने की नौबत नहीं आती।

### स्वस्थ है जच्चा बच्चा

प्रसूता और नवजात को वाड्रफनगर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत सामान्य है। बीएमओ वाड्रफनगर को इस मामले की जांच के निर्देश दिए है इसके साथ ही जच्चा बच्चा का बेहतर उपचार करने को कहा गया है।

-डॉ. बसंत सिंह, सीएमएचओ

## विद्युत अधिकारियों ने कहा- योजना से मिलेगी नि:शुल्क बिजली, होगी कमाई

# पीएम सूर्यघर योजना से मिलेगी विद्युत उपभोक्ताओं को राहत, बेच सकेंगे अतिरिक्त बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन द्वारा वर्षों से विद्युत उपभोक्ताओं को दी जा रही छूट की सीमा 400 यूनिट में कटौती कर 100 यूनिट करना भले ही लोगों को अटपटा लग रहा हो लेकिन विद्युत अधिकारियों का कहना है कि छूट में की गई कटौती का असर सरगुजा की बड़ी आबादी पर नहीं पड़ेगा। शासन ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध प्रयास कर रहा है। ग्रीन एनर्जी को अपनाकर उपभोक्ता निःशुल्क विद्युत उपयोग करने के साथ अतिरिक्त बिजली विभाग को बेचकर अच्छी कमाई कर सकता है।

शहर विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता एसपी कुमार एवं ग्रामीण विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता रोशन नागवंशी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि सरगुजा के 80 फीसदी उपभोक्ता कम विद्युत का उपयोग करते हैं तथा इनकी महीने भर की विद्युत खपत 100 यूनिट से कम रहती है। शासन द्वारा छूट में की गई कटौती का असर निम्न आय वर्ग के लोगों पर नहीं पड़ेगा।

अन्य 20 फीसदी उपभोक्ता अधिक बिजली की खपत करते हैं। ऐसे उपभोक्ता पीएम सूर्यघर योजना के माध्यम से विद्युत उत्पादक बनकर अपनी आवश्यकता के अनुरूप निःशुल्क विद्युत का उपयोग कर सकते हैं साथ ही अतिरिक्त बिजली विभाग को बेचकर कमाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले विद्युत उत्पादन करना काफी कठिन था। बड़ी संख्या में लोग आवश्यकता के अनुरूप अपने घरों में वैकल्पिक विद्युत की व्यवस्था की है जो अपेक्षाकृत महंगा है। पीएम सूर्यघर योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा द्वारा विद्युत का उत्पादन होता है। विद्युत ऊर्जा की स्मार्ट मीटर के माध्यम से विद्युत ग्रिड से जोड़ दिया जाता है। सौर ऊर्जा से प्राप्त बिजली का उपयोग किया जा सकता है। उपयोग के बाद बिजली सीधे विद्युत ग्रीड में पहुंच जाएगी।

उपभोक्ता का स्मार्ट मीटर बिजली का पूरा हिसाब रहेगा। विभाग हर साल मई के महीने में इसका हिसाब करेगा तथा उपभोक्ता की इच्छानुसार नगद भुगतान अथवा आगे की विद्युत खपत के समायोजन हेतु जमा रखेगा। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत पूर्व में केंद्र सरकार 3 किलोवाट की यूनिट पर 78 हजार की छूट दे रही थी। योजना के तहत अब राज्य सरकार भी 30 हजार की छूट दे रही है जिससे सब्सिडी राशि बढ़कर 1.08 लाख रूपए पहुंच गई है। शासन द्वारा योजना के लिए बैंकों के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। इस योजना के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही विद्युत उत्पादन में हो रहे कोयला की खपत में भी कमी लाया जा सकता है। योजनान्तर्गत शहर के 70 एवं ग्रामीण क्षेत्र के 10 उपभोक्ताओं ने पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया है। व्यवसायिक उपयोग के लिए योजनान्तर्गत सब्सिडी का प्रावधान नहीं है इसके बावजूद शहर के 80 व्यवसायिक संस्थानों ने सौर ऊर्जा लगाकर पर्याप्त बिजली का उपयोग कर रहे है।



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की प्रेसवार्ता आज

**बैकुण्ठपुर।** राज्य की भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है, इसे लेकर 6 अगस्त को कांग्रेस द्वारा जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन बैकुण्ठपुर में दोपहर 1 बजे से आयोजित की गई है।

### जनदर्शन में 19 आवेदन प्राप्त हुए

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 5 अगस्त को जनदर्शन में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए।

### 250 रूपए मिली अतिरिक्त राशि

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 7 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 250 रूपए की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जाएगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। बहनों के खातों में यह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जारी की जाएगी।

### रेत से लदे ट्रैक्टर दौड़ रहे सड़कों पर, पुलिस मौन

**अनूपपुर।** थाना क्षेत्रांतर्गत रेत माफियाओं की मनमानी पर न तो जिला प्रशासन का डंडा चल रहा है और न ही स्थानीय पुलिस अमला का पहरा असरदार साबित हो रहा है। कलेक्टर द्वारा 30 जून की मध्यरात्रि से 1 अक्टूबर तक समस्त नदी-नालों से रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश के बावजूद, थानाक्षेत्र बिजुरी में अवैध रेत खनन बेरोकटोक जारी है।

### आवागमन में होती है भारी परेशानी, प्रशासन से पहल की मांग

# कसरा में कीचड़ भरी सड़क से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात के सीजन में जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों की कच्ची सड़क की स्थिति खराब हो जाती है, ऐसी सड़कों से आवागमन करने में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस तरह की स्थिति से जूझ रहे ग्रामीणों को प्रतिदिन कीचड़ भरी सड़क के बीच से होकर आने-जाने की मजबूरी बनती है। इसी तरह का हाल बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम कसरा की है। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम कसरा के खुटरापारा में स्थित कच्ची सड़क जो कि गांव के प्रमुख सड़क में गिनी जाती है। इस बरसात में कसरा खुटरापारा के इस मार्ग में एक जगह पर कीचड़ बन गया है, इसके बीच से होकर प्रतिदिन ग्रामीणों को आना-जाना पड़ता है। इसी मार्ग से होकर ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आना-जाना पड़ता है। थोड़ी दूर तक कच्ची सड़क के कारण पदल चलने वालो के साथ बाइक चालकों को भी भारी परेशानी होती है। जानकारी के अनुसार इस मार्ग से होकर जिला मुख्यायल बैकुंठपुर आना-जाना होता है, वहीं खुटरापारा के लोग इसी मार्ग से होकर बुड़ार की ओर जाते हैं। कुछ तक के लिए ही कच्ची सड़क पर कीचड़ बनी हुई है, जिसका सुधार कार्य करा दिए जाने से आवागमन में परेशानी नहीं होगी। इस ओर पंचायत को ध्यान देने की जरूरत है।





**आमापारा पहुंच मार्ग पर गड्ढे-** बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कंचनपुर से आमपारा जाने के लिए कुछ ही दूरी पर दो-दो मार्ग निकले हैं, इनमें से एक मार्ग के शुरूआत में ही सड़क पर कई गड्ढे हो गए हैं, जहां पर संभल कर चलना पड़ता है, इसके बाद सड़क की स्थिति ठीक है। जानकारी के अनुसार कंचनपुर बुड़ार मार्ग के बीच निकला यह मार्ग ग्राम बुड़ार की सीमा पर मुख्य मार्ग से निकली है जो चारपारा आमापारा की ओर जाती है उसी स्थल से कुछ दूरी पर आमपारा के लिए दूसरी पक्की सड़क निकली है, जिसकी हालत ठीक है।

## प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास तक जाने वाला कच्चा रास्ता बेहाल

**कटगोड़ी।** जिले के ग्राम पंचायत कटगोड़ी के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास तक पहुंचने वाला रास्ता इन दिनों बारिश और कीचड़ के कारण लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। यह छात्रावास मुख्य पक्की सड़क से लगभग 1 किमी भीतर स्थित है और उसी मार्ग पर पावर हाउस भी स्थित है, जहां से आवागमन लगातार बना रहता है।

स्थानीय ग्रामीणों, छात्रावास के स्टाफ, बच्चों, बुजुर्गों और अन्य नागरिकों को दैनिक आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण रास्ता कीचड़ से लथपथ हो गया है, जिससे कई लोग बाइक सहित गिरकर घायल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग वर्षों से उपेक्षा का शिकार रहा है। छात्रावास और पावर हाउस जैसे महत्वपूर्ण संस्थान इस मार्ग पर स्थित होने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने जनहित में जल्द से जल्द पक्की सड़क निर्माण की मांग की है ताकि बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार शिक्षा और आदिवासी बच्चों के हित में योजनाएं तो बना रही है, लेकिन जमीनी सुविधाएं जैसे सड़क न होने से सभी प्रयासों पर पानी फिर रहा है।



# रजत जयंती : जिले में होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 को रजत जयंती वर्ष के रूप में 15 अगस्त से 31 मार्च 2026 तक मनाया जाएगा।

इस ऐतिहासिक अवसर पर पूरे राज्य में गौरव, आत्मावलोकन और संकल्प के साथ विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इसीक्रम में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने विभागवार प्रस्तावित गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा साझा की। शासन से प्राप्त मुख्य प्रस्तावित गतिविधियों में 15 से 19 अगस्त तथा 1 से 6 नवंबर के बीच संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल, लोकनृत्य महोत्सव, शिल्प मेला, कलांजलि, देशभक्ति गीत प्रतियोगिता सहित सभी सांस्कृतिक उत्सवों को रजत जयंती थीम पर आयोजित किया जाएगा। 28 से 31 अगस्त तथा 1 से 7 सितंबर के बीच स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बाल पंचायत, एआई साक्षरता सप्ताह, एलुमिनाई मीट, पुस्तक वाचन दिवस, टीकाकरण अभियान, महतारी सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 20 से 27 अगस्त के बीच पोषण मेला, महतारी सम्मेलन, महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित की जाएगी व 8 से 23 सितंबर को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग टेक फेस्ट, जॉब फेयर, सेमिनार, रजत जयंती पुस्तक मेला जैसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को जोड़ेगा। 1 से 21 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान मेला, हेल्थ क्विज, मेगा हेल्थ कैंप, अंगदान एवं रक्तदान महोत्सव आयोजित होंगे। वहीं 22 से 30 सितंबर के बीच उद्योग विभाग द्वारा कौशल प्रशिक्षण, आईटी, सीएसआर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा और 1 से 12 अक्टूबर के बीच खेलकूद व युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन आदि का आयोजन किया जाएगा।



■ विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने व्यापक तैयारी के निर्देश

13 से 26 अक्टूबर के बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विशेष ग्राम सभा, ग्राम स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता, महिला उद्यमिता मेला और रजत जयंती पंचायत सम्मान जैसे आयोजन होंगे। 27 से 31 अक्टूबर के बीच नगरीय प्रशासन विभाग रजत जयंती वाटिका, शहर समागम, स्वच्छता सप्ताह, रंगोली सजावट प्रतियोगिता और गणेश-दुर्गा उत्सवों को रजत जयंती थीम से जोड़ेगा।

# हायर सेकेंड्री स्कूल केल्हारी बंद होने की कगार पर

**मनेन्द्रगढ़।** हायर सेकेंडरी स्कूल केल्हारी में शिक्षकों की भारी कमी और प्रशासनिक अनदेखी के चलते विद्यालय के समक्ष अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि व जिला पंचायत अधिवक्ता रामनरेश पटेल ने कलेक्टर एमसीबी को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। श्री पटेल ने ज्ञापन में बताया कि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल केल्हारी में रसायन शास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और संस्कृत जैसे महत्वपूर्ण विषयों के व्याख्याता तक नहीं हैं। यही नहीं प्राचार्य पद, विज्ञान प्रयोगशाला सहायक, व्यायाम शिक्षक, भृत्य और चौकीदार के पद भी रिक्त हैं, इससे छात्रों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस वर्ष से आईटी और हार्डवेयर कोर्स प्रारंभ किया गया है, लेकिन उस विषय के लिए भी कोई शिक्षक उपलब्ध नहीं है, ऐसे में तकनीकी शिक्षा केवल कागजों तक सिमट कर रह गई है। गौरतलब है कि वर्तमान में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भी इसी परिसर में संचालित है, जो कि हायर सेकेंडरी स्कूल केल्हारी के ही यू-डाइस कोड पर पंजीकृत है। आत्मानंद विद्यालय में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता है, जबकि हिंदी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल को उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। कक्षा-कक्ष और संसाधनों की कमी के बावजूद दोनों विद्यालयों में कुल मिलाकर 370 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, जिन्हें दो विपरीत व्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है।

### जिले में अब तक 709.2 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 0.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 920.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 4 अगस्त तक जिले में कुल औसत 709.2 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है।

# दिनदहाड़े चोरी की वारदात, नकदी गहनों सहित जरूरी दस्तावेज चोरी

**बैकुण्ठपुर।** जिले के ग्राम पंचायत कसरा अंतर्गत नागडोली में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह घटना अनुपम तिर्की उर्फ चरकू के घर पर घटित हुई, जहां से चोर 16,000 नगद, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की चेन, पायल, कड़ा तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पासबुक, पैन कार्ड और मार्कशीट समेत कुल मिलाकर लगभग 70 से 80 हजार रूपए मूल्य के सामान चोरी कर ले गए। घटना के समय घर के सभी सदस्य काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे और अनुपम तिर्की की पत्नी रपास के ही एक घर में गई हुई थीं।



## खबर संक्षेप

### फुटबाल स्पर्धा में जयनगर कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल ने जीते मैच



**बिश्रामपुर।** नगर के एकता स्टेडियम में आयोजित प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर व स्वामी आत्मानंद स्कूल जयनगर की टीम ने अपने मैच जीत लिए हैं।आयोजन समिति के शशि नान्हू ने बताया कि विद्यालय स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबाल टूर्नामेंट के पांचवें दिन मंगलवार को पहला मैच शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बतरा व कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल टीम 1-0 के गोल के अंतर से मैच जीत लिया। दूसरा मैच ओरियंटल पब्लिक स्कूल अंबिकापुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जयनगर के मध्य खेला गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जयनगर की टीम 6-0 गोल से मैच जीत लिया है।मैच के मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान द्वारा पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

### नि:शक्त बच्चों को मिली ट्राई साइकिल



**अम्बिकापुर।** लुण्ड्रा विकासखण्ड के पहाड़पारा चितरपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के निःशक्त बच्चों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज वर्मा ने बताया कि विगत दिनों पूर्व सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर द्वारा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान शारीरिक रूप से अक्षम एवं कुपोषित बच्चों को ट्राई साइकिल देने का निर्देश दिया गया था। कलेक्टर के निर्देश पर पहाड़पारा चितरपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के पात्रधारी दो बच्चों प्रिंस गुप्ता एवं आयुष गुप्ता का चयन किया गया है। इन बच्चों को जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा के मार्गदर्शन में आज विधायक प्रतिनिधि जयंत मिंज, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक सिंह पावले एवं सरपंच, उपसरपंच की उपस्थिति में ट्राई साइकिल का वितरण किया गया।

## अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा

# पिलखा क्षीर संयंत्र में दूध सप्लाई करने वाले किसान जूझ रहे आर्थिक शंकट से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**

- घाटे में जा रहे योजना को शासन से मदद की गुहार

एनएच 43 किनारे ग्राम सिलफिली में स्थित पिलखा क्षीर संयंत्र अब गरीब किसानों की परेशानी का मामला बना हूआ है।यहां दूध बेचकर अपने परिवार का पेट पालने वाले किसान आज खुद प्रशासन की बेरुखी से आर्थिक मंदी की कगार पर हैं।उक्त संयंत्र पर करीब 82 लाख रुपए से अधिक की राशि बकाया है,और स्थिति यह है कि न ही भुगतान हो रहा है,न संयंत्र को दोबारा चालू करने की कोई ठोस पहल हो रही है।

प्रशासन द्वारा बकाया राशि के भुगतान की पहल न कर केवल कोरा आश्वासन के रूप में कोरमपूर्ति की जा रही है।अब दस दिनों के भीतर मामले का निराकरण होने से चक्काजाम की बात कही जा रही है,गौरतलब है कि युवा कांग्रेस के विक्की समद्दार ने इस गंभीर मुद्दे को लेकर सूरजपुर कलेक्टर को महीने भर पूर्व ज्ञापन देकर दूध विक्रेता किसानों के अलावा अन्य लोगों के लाखों रुपए के लंबित भुगतान को जल्द कराए जाने की मांग की गई है जिस पर सूरजपुर कलेक्टर के निर्देश पर उपसंचालक पशु व चिकित्सा सेवाएं सुरजपुर द्वारा युवा कांग्रेस नेता को जवाब भेजकर पिलखा क्षीर के संयंत्र को पुनः शुरू कराए जाने हेतु कलेक्टर द्वारा राज्य सरकार से पत्र व्यवहार किए जाने का उल्लेख किया गया है, लेकिन लंबित भुगतान के संबंध में कोई उल्लेख पत्र में नहीं किया गया है। मामले में मंगलवार को युवा कांग्रेस के विक्की समद्दार ने कलेक्टर सुरजपुर को पुनः ज्ञापन देकर लंबित भुगतान के मामले का जल्द ही निराकरण कराए जाने की मांग की है।साथ ही दस दिन के भीतर मांग पूर्ण न होने पर किसानों व अन्य बकायादारों के साथ मिलकर पिलखा क्षीर के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराए जाने की बात कही गई है।



सिलफिली स्थित पिलखा क्षीर।

**अलग अलग विभाग का 82 लाख से अधिक है बकाया राशि**

ज्ञात हो कि पिलखा क्षीर के दुग्ध विक्रेता किसानों का करीब 25 लाख रुपए,बिजली आपूर्ति कंपनी का करीब 45 लाख रुपए,डीजल आपूर्ति पेट्रोल पंपों का करीब 9 लाख रुपए,कर्मचारियों का लंबित वेतन करीब 3 लाख रुपए बकाया होने की बात कही जा रही है।युवा कांग्रेस नेता विक्की समद्दार ने कहा कि सरकार की योजनाओं की बुनियाद में जब तक गरीबों का हक नहीं शामिल होगा,तब तक विकास केवल विज्ञापन में ही दिखेगा। पिलखा संयंत्र की बंदी ने किसानों को कर्ज और पलायन की ओर धकेल दिया है।गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सिलफिली के इस पिलखा क्षीर संयंत्र की बंदी से कई परिवारों की आजीविका खत्म हो चुकी है।

# डीएवी स्कूल में मनाया गया 35वां स्थापना दिवस

## बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में आज मंगलवार को विद्यालय का 35 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।गौरतलब है कि 5 अगस्त 1991 को डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर अपने अस्तित्व में आया था, विद्यालय की विकास यात्रा में अनेक मेहनती एवं होनहार विद्यार्थियों, अध्यापक-अध्यापिकाओं, अभिभावकों, संस्था प्रमुखों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति का योगदान रहा है।आयोजन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व डीएवी गान से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरजपुर एसएसपी प्रशान्त सिंह ठाकुर थे, अन्य विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह व श्रीमती शुभा पाठक, बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर एवं निर्णायक संगीत शिक्षक भटगांव राजेश जायसवाल,कीया घोष संगीत शिक्षिका डीएवी पब्लिक स्कूल पांडवपारा उपस्थित रहे जिनका प्राचार्य एचके पाठक द्वारा स्वागत किया गया।संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया, इस दौरान मुख्य अतिथि एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों की विविध क्षेत्रों के साथ स्पोर्ट्स में भी उनकी बेहतरीन उपलब्धियां निश्चित रूप से गौरव का विषय है। इसमें आपकी मेहनत के साथ-साथ अभिभावकों एवं गुरुजनों का आशीर्वाद भी शामिल होता है।डीएवी संस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।वर्तमान समय में सोशल मीडिया में अपराध बढ़ते जा रहे हैं। इसके लिए सतर्कता और सुरक्षा बरतना अत्यावश्यक है।

प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि अपने स्थापना काल से लेकर अद्यतन विद्यालय सफलता की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श करता आ रहा है।विद्यालय ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद आदि क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में आज भी विद्यालय अग्रसर है। डीएवी संस्था शैक्षिक उन्नति एवं सेवाभाव के उद्देश्यों की पूर्ति में कार्यरत है। अग्नि, आदित्य, वायु और अंगिरा सदनों के समूह नृत्य के प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रस्तुति की सराहना की।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

**अलग-अलग ग्रुप के बच्चों ने दी डांस प्रस्तुति**

स्थापना दिवसके अवसर पर विद्यालय के अग्नि, आदित्य, वायु और अंगिरा सदनों के विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगात्मक समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई हो आकर्षण का केंद्र बना रहा।चारों सदनों के मध्य समूह नृत्य प्रतियोगिता में अग्नि सदन ने प्रथम,वायु सदन ने द्वितीय, आदित्य सदन ने तृतीय एवं अंगिरा सदन ने चतुर्थ स्थान अर्जित किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन अध्यापिका अर्पणा मिश्रा एवं कक्षा बारहवीं की छात्रा जायना नजीम एवं कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा एलिजा खान ने किया।अध्यापक सी पंडा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।सामूहिक शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

### विद्यार्थियों को मिला फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण

**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को होमगार्ड की डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने आगजनी से बचाव का प्रशिक्षण दिया। प्राचार्या रश्मि शर्मा ने बताया कि मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा के निर्देशन में टीम ने फायर ब्रिगेड का उपयोग, गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव, इलेक्ट्रिक आग बुझाने में कार्बन डाईऑक्साइड का उपयोग, और शरीर में आग लगने पर तुरंत बचने के उपाय बताए।

### संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाक़ात

बिश्रामपुर। छत्तीसगढ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ द्वारा चलाए जा रहे दो सूत्रीय मांगों के आंदोलन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोक शिक्षण संचालनालय को एक पत्र प्रेषित कर संघ की मांगों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के नेतृत्व और संरक्षक तापस राय के मार्गदर्शन में मिली इस उपलब्धि से संघ के लोगों में हर्ष व्याप्त है।गौरतलब है कि संघ के प्रतिनिधियों ने आंदोलन स्थगन के दूसरे ही दिन डीपीआई,विधानसभा अध्यक्ष और मंत्रियों से मुलाकात की थी,जिसके परिणामस्वरूप यह पत्र सामने आया है, जिसमें पहली बार राज्य सरकार द्वारा संविदा शिक्षकों की मांगों के समर्थन में लिखित पत्र जारी किया गया है।



# बेखौफ जारी है क्षेत्र में इमारती पेड़ों की कटाई का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- वन विभाग ने जब्त किया एक ट्रक इमारती लकड़ी

वन विभाग ने एक ट्रक इमारती लकड़ी जब्त किया है। तस्करों द्वारा अवैध रूप से सेमर पेड़ की कटाई कर लकड़ी तस्करी की जा रही थी। बता दें कि सरगुजा में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई करने के लिए यूपी, एमपी समेत अन्य स्थानों से अनेकों गैंग आकर सक्रिय हो गए है। तस्कर बेखौफ होकर पेड़ोंकी कटाई कर यूपी व अन्य राज्यों में खपा रहे है। इस कारोबार में मोटी कमाई के कारण गिरोह के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है जिससे कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है और बड़ी घटना होने से टल गई। लकड़ी कटाई को लेकर बढ़ते जा रहे प्रतिस्पर्धा के बीच कई लकड़ी तस्कर सिस्टम का रुख अपना रहे है। तस्कर किसानों के माध्यम से एसडीएम कार्यालय में पेड़ कटाई की अनुमति के लिए आवेदन लगाते है। एसडीएम कार्यालय से अनुमति मिलने के बाद वो उसकी आड़ में हजारों पेड़ काट देते है। ग्रामीण जब जरूरत से ज्यादा काटे जा रहे पेड़ो पर आपत्ति दर्ज कराते है तब वो अनुमति दिखा उनका मुंह बंद करा दिया जाता है वही कुछ लकड़ी तस्कर गिरोह ऐसा है जो शासन प्रशासन के नियमों को धज्जियां उड़ाते हुए बिना अनुमति के ही पेड़ों की कटाई करा रहा है। अवैध कटाई का विरोध करने वालो को वो धमका कर चुप कराया जा रहा है।



ऐसा ही एक मामला सब डिवीजन सीतापुर के वनक्षेत्र बतौली बिलासपुर के घुटरापारा में देखने को मिला जहां लकड़ी तस्करों ने शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बिना अनुमति के अवैध रूप से पेड़ो की कटाई करा दी। किसानों से सांठगांठ कर पेड़ो की अवैध कटाई के बाद लकड़ी तस्कर इसे खपाने उत्तरप्रदेश ले जाने की तैयारी में थे इस बात की भनक ग्रामीणों को लगने के बाद उन्होंने वन विभाग को इससे अवगत कराया सूचना के बाद वन विभाग का अमला घेराबंदी कर बिना अनुमति काटे गए लकड़ी को उत्तरप्रदेश खपाने ले जा रहे वाहन समेत जब्त कर लिया। इस संबंध में एसडीओ वन प्रेमचंद मिश्रा ने बताया कि वाहन में लोड लकड़ी सेमर प्रजाति का है। जिसे बिना अनुमति के कटवाया गया था। इस बात की सूचना मिलने के बाद उक्त वाहन को लकड़ी समेत जब्त किया गया है।

### छात्रों के लिए आयोजित होगी प्रतियोगिता

**रायगढ़।** प्रतिभा सम्मान योजना 2025 के प्रारंभिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन के लिए दिशा निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी हो गए है। अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित किया गया है। इसके लिए भूपेंद्र पटेल एपीसी समग्र शिक्षा को जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है। यह तीन प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता लिखित परीक्षा के रूप में आयोजित की जाती है, इस परीक्षा में शासकीय, अनुदान प्राप्त, नवोदय, केंद्रीय विद्यालय और अशासकीय शाला में कक्षा तीसरी से 12 वीं तक अध्ययनरत किसी भी संकाय, वर्ग, समूह के विद्यार्थी को भाग लेने की पात्रता होगी।

**न्याया.- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

उ.प्र.क्र.- 25/2025
प्रो.न.-445/25
आगामी पेशी तिथिः- 18/09/2025

अमिता सिंह पत्नी श्री अजीत कुमार सिंह उम्र-63 वर्ष, निवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर जिला-सरगुजा(छ.ग.) -------आवेदिका

प्रति

1. सचिव छ.ग. राज्य अधिवक्ता परिषद बिलासपुर छ.ग.
2. सचिव सरगुजा जिला अधिवक्ता संघ अम्बिकापुर छ.ग.
3. आम जनता ------अनावेदकगण

आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम।

सर्व साधारण आम जनता निवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग. एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर आवेदिका के दादा ससुर स्व. राम परिक्षा सिंह जो सरगुजा जिला अधिवक्ता संघ अम्बिकापुर में अधिवक्ता के रूप में व्यवसायरत थे, जिनकी मृत्यु दिनांक-30/05/2023 को होना बताते हुए स्व. राम परिक्षा सिंह के मृत्यु उपरांत उसको प्राप्त होने वाले मृत्यु दावा का राशि 4,00,000/- (चार लाख) रूपये को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 18/09/2025 को नियत है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. राम परिक्षा सिंह के मृत्यु उपरांत प्राप्त होने वाले मृत्यु दावा का राशि 4,00,000/- (चार लाख) रूपये हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि 18/09/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदिका को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 29.07.2025 को जारी किया गया।

(सुमित कुमार हर्षयाना)
न्या. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शरद सोनी आ. श्री विनोद सोनी उम्र 40 निवासी ग्राम सीतापुर थाना व तहसील सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम शुभ सोनी है जो की मेरे पुत्र के सभी शासकीय तथा अर्धशासकीय दस्तवेजों में अंकित है तथा मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र मे भी अंकित है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटि वश मेरे पुत्र का नाम रूद्र सोनी अंकित हो गया है जिसका आधार कार्ड क्र :- 437887600257 है। जो की गलत है। मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में सुधार कराते हुये अपने पुत्र का नाम रूद्र सोनी के स्थान पर शुभ सोनी अंकित कराना चाहता हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
शरद सोनी
आ. श्री विनोद सोनी
निवासी-ग्राम सीतापुर थाना व तह. सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 10 अगस्त 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 17 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम - टेडेसरा
जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विषेशज्ञ
डॉ.आशीश जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ.हेमन्त कुमार बी - शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ
डॉ.सोनल गार्डिया - जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ.भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - नाक कान गला रोग विषेशज्ञ
डॉ.नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन आरा - एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विषेशज्ञ
डॉ.हिमांशु गुप्ता - कैंसर रोग विषेशज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विषेशज्ञ
डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 27 जुलाई 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.नीरज प्रसाद
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी
मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश अग्रवाल
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ.भाविक शाह
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000। 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo Hospitals Bilaspur
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप



### स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान विवाद की स्थिति, लौटना पड़ा वापस

**अंबिकापुर।** सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को पुनः स्मार्ट मित्र लगाने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। शासन ने यह नीति निर्धारित की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह उपभोक्ता के इच्छा पर है कि वो चाहे तो स्मार्ट मीटर लगवाये अथवा पुरानी व्यवस्था को चुने। स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक बिलिंग की ठोस शिकायत और भविष्य में प्रीपेड बिलिंग की जानकारी के कारण ग्रामीण स्मार्ट मीटर की व्यवस्था को अपनाने को तैयार नहीं हैं। पूर्व में भी दरिमा क्षेत्र में इसे लेकर ग्रामीणों और स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों में टकराव की स्थिति बन चुकी है। मंगलवार को दरिमा में ठेका कर्मचारी ग्रामीणों की सहमति के बगैर उनके घरों में मीटर बदल स्मार्ट मीटर लगा रहे थे जिससे तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। इस बात की सूचना पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता और दरिमा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती वायु सिंह मौके पर पहुंचे और विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर मीटर बदलने के काम को रुकवाया।

### इंडक्शन प्रोग्राम में नवप्रवेशियों को दिए गए टिप्स




**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में स्नातक नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी पुलिस जयंत थोरात ने कहा कि अनुशासन, लगन और परिश्रम से प्रत्येक सफलता हासिल होती है, इसमें शिक्षा का सबसे बड़ा योगदान है। आप ज्ञानार्जन में पूरी क्षमता लगाएं, अभिभावक और गुरू आपके साथ है। उन्होंने आधुनिक संसाधन और डिजिटल दुनिया का उपयोग सावधानी से करने की सलाह दी। शासी निकाय के सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि अभिभावक और श्रेष्ठ शिक्षकों की टीम नयी पीढ़ी की बुनियाद को मजबूत करेगी। यह परिसर आपको जिंदगी के नये आयाम देगा। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से विद्यार्थियों के लिए अवसर बढ़े हैं। इस दौरान उन्होंने ये तो सच है कि भगवान है गीत प्रस्तुत किया। डॉ.आरएन शर्मा ने नये पाठ्यक्रम कोर्स और उसकी उपयोगिता के बारे में बताया कि अब विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक विषय चुनने का अवसर है। प्रत्येक विद्यार्थी दूसरे संकाय का चयनित विषय पढ़ सकता है। इस दौरान शैलेष देवांगन की दो पुस्तक बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल, प्रैक्टिकल फिजिक्स का लोकार्पण किया गया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की प्रतिज्ञा की शपथ ली। इस दौरान डॉ.शैलेष देवांगन, अरविंद तिवारी, डॉ.विवेक कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सेन, डॉ.दिनेश शाक्य ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र दास सोनवानी और पल्लवी द्विवेदी ने किया।

### बोलेरो में मवेशियों की तस्करी वाहन छोडकर भागे तस्कर



**सीतापुर।** क्षेत्र में पशु तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। तस्कर बेखौफ होकर मवेशियों को वाहनों में भरकर उन्हें बूचड़ खाना लेकर जा रहे है। बीती रात भी मवेशियों से भरी बोलेरो वाहन के खराब होने पर तस्कर वाहन व मवेशियों को छोडकर फरार हो गए। वाहन में बंद पशुओं के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने मवेशियों को बाहर निकाला। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुरानी बस्ती क्षेत्र में बीती रात तस्कर बोलेरो वाहन में पशुओं को भरकर जा रहे थे। जैसे ही वो पुरानी बस्ती के निवासी जगदंबा गुप्ता के घर के पास पहुंचे तस्करों की गाड़ी खराब हो गई। तस्करों ने वाहन को ठीक करने का प्रयास किया लेकिन जब वाहन ठीक नहीं हुआ तो तस्कर वाहन को छोड़कर फरार हो गये। इधर वाहन में मवेशियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे जिसके बाद मवेशियों को सीट से बाहर निकाला गया। तस्करों ने मवेशियों को रस्सी से बांधकर वाहन में भरा था और वे हिल डुल नहीं पा रहे थे। वाहन से एक गाय और दो बैल को मुक्त कराया गया। इसके बाद स्थानीय गौसेवा दल ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। इस संबंध में गौ सेवक एवं पार्षद भवानी सिंह ने बताया कि थाने में अज्ञात पशु तस्करों के विरुद्ध सूचना दर्ज करा दी गई है। पुलिस ने पशु तस्करी में लिप्त वाहन को जब्त करते हुए थाने ले आई है।

## भवन की समस्या बनी बाधा

# एसजीजीयू ने शासन को भेजा 24 विषयों का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ उधार के भवन में हो रहा यूटीडी का संचालन

संत गहिरा गुरू विवि ने शिक्षण विभाग के विस्तार की योजना बनाई है तथा शासन के रोजगार परक विभिन्न 24 विषयों का शिक्षण प्रारम्भ करने का प्रस्ताव भेजा है। विवि ने पिछले साल भी शासन को विभिन्न 24 विषयों का प्रस्ताव भेजा था। इस बार के प्रस्ताव में पिछले साल के विषयों में व्यापक बदलाव किया गया है।

शासन द्वारा संत गहिरा गुरू विवि की स्थापना वर्ष 2008 में की गई थी। विवि की स्थापना होने के पूर्व से ही गुरूघासी दास विवि द्वारा जिला मुख्यालय में फार्मेसी एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग का संचालन किया जा रहा था। विवि की स्थापना होने के बाद गुरूघासी दास विवि ने दोनों संकायों के संचालन की जिम्मेदारी एसजीजीयू को सौंप दी। विवि द्वारा वर्ष 2011 में बायोटेक्नालॉजी एवं फार्म फारेस्ट्री विभाग का संचालन प्रारंभ किया गया। इसके बाद वर्ष 2014 में शिक्षण विभाग अंतर्गत प्रयोजन मूलक हिन्दी, विधि एवं पर्यावरण संकाय की पढ़ाई प्रारम्भ की गई। अभी तक विवि के भकुरा परिसर में भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है जिसके कारण शिक्षण विभाग का संचालन अभी भी उधार के भवनों में हो रहा है। समस्या होने के कारण कई बार भवनों को बदलना भी पड़ा। लम्बे समय तक अलग-अलग भवनों में विभागों का संचालन किया गया। वर्तमान में सभी विभागों का संचालन मणिपुर कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन में किया जा रहा है जहां एक-एक कमरे में विभागों का संचालन किया जा रहा है। शिक्षण विभाग के विस्तार की योजना को दूरस्थ सरगुजा अंचल के लिए अच्छी पहल साबित हो सकती है लेकिन विभिन्न 24 संकायों के संचालन के लिए जगह की व्यवस्था करना विवि प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। वर्तमान में शिक्षक विभाग में संचालित संकायों के लिए भी पर्याप्त जगह की व्यवस्था नहीं है ऐसे में नए संकायों के लिए भवन की व्यवस्था करना आसान नहीं है। विवि ने अधूरे भवनों के निर्माण हेतु शासन को 20 करोड़ रूपए का प्रस्ताव भेजा है जिसकी स्वीकृति आगामी बजट में मिलने की संभावना जताई जा रही है।

राशि स्वीकृति मिलने के बाद अधूरे भवनों का निर्माण पूरा होने में भी लम्बा समय लगने की संभावना है। हालाकि विवि के अधिकारी शैक्षणिक विभागों के लिए जगह की व्यवस्था करने तथा विभागों के संचालन में कोई समस्या नहीं होने का दावा कर रहे है।



एसजीजीयू के भकुरा परिसर में आधे-अधूरे भवन।

### इन विषयों की मांग

विवि द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजकर आर्यावर्त सांस्कृतिक संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र, नाट्यशास्त्र, नाड़ी शास्त्र एवं परम्परागत चिकित्सा पद्धति, योग दर्शन, स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स फाइनेंस एवं डेवलपमेंट, ललित कला, सरल एण्ड ट्राइबल डेवलपमेंट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पत्रकारिता, एडवांस मैथमेटिक्स, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एण्ड बायोनिक्स, मिलिट्री साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एण्ड रोबोटिक स्टेंस, मनोविज्ञान, बायोकेमिस्ट्री, पुस्तकालय शिक्षण विभाग, शारीरिक शिक्षण विभाग, मैनेजमेंट स्टडी सेंटर, प्योर एण्ड अपलाएड स्टेटिकक्स, बायो फिजिक्स, इम्यूनोलॉजी, नैनो बायोलॉजी, स्टीम सेल एण्ड कैंसर बायोलॉजी एण्ड केमेस्ट्री विषय शामिल है।

### भवनों की कमी बड़ी समस्या

संत गहिरा गुरू विवि की प्रगति में भवनों की कमी बड़ी बाधा साबित हो रही है। लोनिवि ने ठेकेदारों के माध्यम से वर्ष 2018 में निर्माण शुरू कराया। ठेकेदारों ने बिलो रेट पर टेंडर तो ले लिया लेकिन समय पर काम पूरा नहीं कर पाए। विभाग बार-बार ठेकेदारों को एक्सटेंशन देकर किसी तरह उपलब्ध राशि का काम कराया। अत्यधिक समय लगने के कारण लागत मूल्य में वृद्धि होने के कारण निर्माण पूरा नहीं हो सका। शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई 24.90 करोड़ की राशि खर्च होने के बाद भी भवन अधूरे पड़े है। राशि के अभाव में विवि का प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक विभाग, लाइब्रेरी, गेस्ट हाउस, स्टाफ क्वार्टर, बालक छात्रावास, पुस्तकालय भवन एवं कुलपति आवास वर्षों से अधूरे पड़े है। ऑडिटोरियम, यूटिलिटी बिल्डिंग एवं कुलसचिव आवास का निर्माण पूरा हो गया है। वर्तमान में यूटिलिटी भवन में प्रशासनिक कार्यालय का संचालन किया जा रहा है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

विवि द्वारा शासन को शिक्षण विभाग अंतर्गत विभिन्न 24 विषयों का अध्यापन प्रारंभ करने का प्रस्ताव भेजा गया है। पाठ्यक्रमों के संचालन में भवन की बाधा आड़े नहीं आएगी। शासन की स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



सीतापुर स्थित डाकघर।

# सिस्टम अपडेट के चक्कर में डाक सेवा हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

■ करक्षा बंधन से पहले राखी भेजना हुआ मुश्किल

डाकघर में सिस्टम अपडेट की वजह से डाकसेवा बुरी प्रभावित हो गई है। रक्षाबंधन के पर्व के अवसर पर सेवा ठप्प होने से राखी समेत अन्य जरूरी पार्सल सेवा प्रभावित हो गया है।नगर में निजी कुरियर सेवा सीमित होने से लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। बहनों को राखी भेजने के लिए निजी कुरियर सेवा में लंबी लाइने लगानी पड़ रही है। राखी को लेकर बहनों को ये चिंता सताने लगी है कि समय पर राखी नहीं मिला तो कही भाइयों की कलाई सुनी न रह जाए। विदित हो कि नगर के डाकघर में सिस्टम अपडेट होने की वजह से डाकसेवा पूरी तरह प्रभावित हो गई और डाकघर में वीरानी छाई हुई है। 9 अगस्त को रक्षा बंधन मनाया जाना है और इसके पूर्व बड़ी संख्या में महिलाएं अपने भाइयों को राखी भेजने के लिए सुबह से डाकघरों पर पहुंचीं थीं लेकिन सिस्टम अपडेट होने के कारण डाकसेवा ठप होने की वजह से घंटों इंतजार के बाद भी उनका काम नहीं हो सका। कई लोग जरूरी दस्तावेज और पार्सल लेकर पहुंचे थे जिन्हें निराश लौटना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्र के डाकघरों में भी यही स्थिति देखने को मिली। डाककर्मियों का कहना है कि तकनीकी अपडेट की वजह से सिस्टम काम नहीं कर रहा। विभागीय सूत्रों के अनुसार स्थिति सामान्य होने में दो से तीन दिन का समय लग सकता है। डाक सेवाओं के ठप होने का सीधा असर नगर के निजी कूरियर सेवाओं पर देखने को मिला। नगर के कई इलाकों में निजी कुरियर की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गई। लोगों ने स्पीड पोस्ट और रजिस्ट्री के लिए निजी कुरियर सेवा का विकल्प चुना। जिससे इन सेवाओं की मांग में अचानक तेजी आ गई। समय कम होने की वजह से भाइयों को राखी भेजने वाली महिलाओं की भीड़ यहां काफी देखने को मिल रही है। इस संबंध में डाकघर में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि सिस्टम अपडेट होने में दो से तीन दिन लग सकते हैं।

# सावन के अंतिम सोमवार को शिवपुर धाम में उमड़े कांवरिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर शिवपुर धाम पहुंची एवं पुष्पवर्षा कर कांवरियों का स्वागत किया। उन्होंने शिव मंदिर में रूद्राभिषेक पूजा की।

इस दौरान उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर शिवपुर धाम परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन विधायक श्रीमती पोर्ते के सौजन्य से किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम पोड़ी मोड़ में कांवरियों को स्वल्पाहार कराया गया। ग्राम हरिहरपुर, परमेश्वरपुर, मटिगढ़ा, गोंदा, मरहठा, दुरती, भैसामुंडा, केवरा, दरहोरा, पोड़ी मोड़, सरहरी, प्रतापपुर सहित अनेक गांवों के कांवरिया टोलियों का नेतृत्व शिक्षक करमचंद गुप्ता ने किया। डीजे की धुन पर नाचते-गाते कांवरिए बोल बम के जयकारें लगाते शिवपुर धाम पहुंचे तथा बाबा जलेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया।



## 6 वर्षों से फरार चल रही महिला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले में 6 वर्षों से फरार चल रही महिला को गिरफ्तार किया है। फरार महिला के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर देवगढ़ निवासी विनीता बाई को आबकारी एक्ट की धारा 34 (ख) के तहत फरार चल रही महिला की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। महिला विगत छह माह से फरार चल रही थी। स्थाई वारंट की तामिली को लेकर दिए गए निर्देश के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर गौरव पाण्डेय, आरक्षक देवनाथ भगत, राम प्रसाद लकड़ा सक्रिय रहे।

## हर-हर महादेव...



अम्बिकापुर। श्रावण माह के अंतिम सोमवार को देवगढ़ धाम में जलाभिषेक करती मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व अन्य।



## वाटरशेड आर्गेनाइजेशन ने किया श्री विधि रोपाई का प्रदर्शन

**बिहारपुर।** वाटरशेड आर्गेनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा श्री विधि से धान की रोपाई करने का प्रदर्शन क्षेत्र में 100 किसानों के खेतों में किया। कार्यक्रम के तहत सभी किसानों को 1 किलो धान बीज, अम्बिका पैडी वीडर, पीला चिपचिपा ट्रैप उपलब्ध कराया गया। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि यह विधि धान की खेती की नवीनतम प्रभावी तकनीक है, जिससे धान की उत्पादकता में वृद्धि होती है साथ ही संसाधनों का बेहतर उपयोग होता है। यह विधि जलवायु अनुकूल है इस विधि से खेती में कम बीज एवं कम पानी लगता है तथा अधिक पैदावार होती है। खेती की लागत में भी कमी आती है संस्था द्वारा किसानों को श्री विधि द्वारा रोपाई का प्रशिक्षण दिया गया।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ भवन निर्माण हेतु किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बहुप्रतिक्षीत गायत्री प्रज्ञा पीठ भवन निर्माण के लिए मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। अम्बिकापुर से पहुंचे उपजोन प्रभारी एसजे द्विवेदी , जीपी स्वर्णकार तथा श्रीमती शारदा द्विवेदी ने भूमि पूजन कराया। भूमिपूजन कार्यक्रम में यजमान की भूमिका नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, संतोष कुमार निवारी, नवीन अग्रवाल, अखिलेश निवारी ने सपत्नीक निभाई। इस दौरान गायत्री परिवार के ब्लाक समन्वयक शैलेन्द्र सिंह, महेश्वरी लाल उईके, श्रवण मिश्रा, राधिका शरण सिंह, देवेन्द्र निवारी, कमलेश शुक्ला, विमल भाई, वंशलाल, मोती लाल, प्राचार्य रजनीश प्रसाद सिंह, अनुजेश्वर पाण्डेय, लाल बहादुर गुप्ता, श्रीमती मनोरमा सिंह, श्रीमती आशा शुक्ला, श्रीमती कुन्ती पाण्डेय, श्रीमती पूजा मिश्रा, श्रीमती मुन्नी देवी, श्रीमती लक्ष्मी तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# ननों की गिरफ्तारी को लेकर ईसाई समाज ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** दुर्ग रेलवे स्टेशन पर दो नन की गिरफ्तारी को लेकर प्रदेशभर में ईसाई समाज के लोगों में आक्रोश का माहौल है। इस बीच सरगुजा में भी क्रिश्चियन समाज ने सामूहिक रूप से शहर में रैली निकालकर राष्ट्रपति, राज्यपाल और मानव अधिकार आयोग के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

बता दें कि दुर्ग जिले में दो नन समेत पांच लोगों की गिरफ्तारी को मंगलवार को ऑल चर्चेस यूनाइटेड फ्रंट के बैनर तले ईसाई समाज के विभिन्न समूहों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इस रैली और विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व महा गिरजाघर के विकर जनरल विमियम उर्रे ने किया। रैली नवापारा चर्च से शुरू होकर आकाशवाणी चौक, गांधी चौक होते हुए घडी चौक पहुंची जहां आम सभा को संबोधित किया गया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए विकर जनरल विलियम उर्रे ने कहा कि अल्प संख्यकों व खासकर ईसाई समाज के खिलाफ हिंसात्मक घटनाएं हो रही है। ईसाई समाज को घृणा की नजर से देखते है लेकिन जब शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सेवाओं की बात आती है तो मिशनरी संस्था चाहिए लेकिन ईसाई नही चाहिए। हम इस मानसिकता का विरोध करने आए है। यह समाज शिक्षित, शांत और सभ्य समाज है। उन्होंने कहा कि हमें इस नजर से ना देखा जाए कि ये लोग देश बर्बाद करने वाले है। हम देश के विकास के लिए काम कर रहे है और अपनी शिक्षा के माध्यम से देश के लिए अच्छे नागरिक तैयार कर रहे है। हमारी मांग है कि ईसाईयों को भी बराबरी का दर्जा मिले।ऑल चर्च समूह के प्रिंस अभिषेक कुजूर ने कहा की दुर्ग में ननों को गिरफ्तार पर उनपर मानव तस्करी का आरोप लगाया गया। थाने के अंदर उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया जिसे पूरी दुनिया देख रही है। इस मामले में दोषियों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके साथ ही इस प्रदर्शन को जिला कांग्रेस कमेटी का भी समर्थन मिला। जिलाध्यक पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने भी जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में उन्हें समर्थन देते हुए अपना ज्ञापन प्रशासन को दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि संघ परिवार की विचारधारा से प्रेरित बजरंग दल जैसे संगठन धार्मिक पुलिसिंग करते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को परेशान कर रही है। प्रदेश सरकार की मशीनरी ऐसे नॉन स्टेट एक्टर के दबाव में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर द्वेषपूर्ण कार्यवाही कर रही है। इस देश का संविधान लोगों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। उसके उल्लंघन का किसी को भी अधिकार नहीं है। समाज ने ज्ञापन के माध्यम से झूठे आरोपों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है ताकि समाज में समरसता और न्याय की भावना बनी रही। इस दौरान सिस्टर जेस्सी, सिस्टर रोशनी, सिस्टर जोर्जिना, सिस्टर ममता,फादर कल्याण, पूर्व महापौर डॉ अजय तिर्की, फ्रांसिस केरकेट्टा, रविन्द कच्छप, फादर एल्फिज, अशफाक अली सहित अन्य मौजूद थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर , जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411